www.amritvichar.com

# अमृत विचार

लखनऊ महानगर

लखनऊ, शनिवार, 21 फरवरी 2026

## सुविचार



मनुष्य अपनी दुर्बलता से भली-भांति परिचित रहता है, पर उसे अपने बल से भी अवगत होना चाहिये।

— जयशंकर प्रसाद

## लखनऊ के प्रमुख समाचार


- मंदिर के सेवादार की हत्या कर शव फेंका II
- छत्रपति शिवाजी की जयंती पर 17 कर्मयोगी सम्मानित III
- करोड़ों की जीएसटी चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार IV




### रमजान का तीसरा दिन

| सहरी | इफ्तार |
|---|---|
| सुन्नी : 5 : 16 | सुन्नी : 6 : 05 |
| शिया : 5 : 06 | शिया : 6 : 14 |

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# लखनऊ में हाईवे किनारे पांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में बनेंगे ट्रॉमा सेंटर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पांच बेड का आईसीयू बनेगा और तैनात किए जाएंगे विशेषज्ञ



**अमृत विचार :** सड़क हादसों में घायलों को त्वरित उपचार उपलब्ध कराने के लिए लखनऊ में हाईवे से सटे पांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) को ट्रॉमा सेंटर में अपग्रेड किया जाएगा। इन केंद्रों पर 24 घंटे आपातकालीन इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

जिले में 20 सीएचसी का संचालन किया जा रहा है। पहले चरण में हाईवे किनारे पड़ने वाली मोहनलालगंज, सरोजनीनगर, गोसाईगंज, काकोरी और चिनहट सीएचसी को ट्रॉमा सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा। इन केंद्रों पर सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों को प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल या हायर सेंटर रेफर कर दिया जाता है।

इन सीएचसी में पांच बेड का आईसीयू स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा आर्थोपेडिक सर्जन, फिजिशियन और न्यूरो विशेषज्ञों की तैनाती की जाएगी। एक्स-रे सहित अन्य आवश्यक जांच सुविधाएं भी 24 घंटे उपलब्ध रहेंगी। अभी तक अधिकांश सीएचसी पर शाम के बाद जांच सेवाएं बाधित हो जाती हैं। इस पहल से उम्मीद है कि सड़क हादसों में घायलों को समय पर उपचार मिल सकेगा और मृत्यु दर में कमी आएगी। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि संसाधनों और बजट की मांग शासन से की गई है। स्वीकृति मिलते ही डेढ़ से दो माह के भीतर इन केंद्रों को ट्रॉमा सुविधाओं से लैस कर दिया जाएगा।

### 82 अस्पताल सूचीबद्ध, निजी में भी मुफ्त इलाज

- सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को त्वरित और निशुल्क उपचार देने के उद्देश्य से जिले में केंद्र सरकार की 'कैशलैस ट्रीटमेंट ऑफ रोड एक्सीडेंट विक्टिम्स स्कीम-2025' लागू की गई है। इसके तहत सरकारी के साथ निजी अस्पतालों को भी सूचीबद्ध किया गया है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले के करीब 82 अस्पताल चिन्हित किए गए हैं, जहां दुर्घटना में घायल व्यक्ति का इलाज नि:शुल्क किया जाएगा। उपचार पर अधिकतम डेढ़ लाख रुपये तक का खर्च जिला सड़क सुरक्षा समिति वहन करेगी। कानपुर रोड, अयोध्या रोड, सीतापुर रोड और हरदोई रोड से सटे बड़े अस्पतालों को प्राथमिकता से सूचीबद्ध किया जा रहा है।

## लखनऊ से चित्रकूट सीधी बस शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ से चित्रकूट के हनुमानगंज तक नई रोडवेज बस शुक्रवार से शुरू हो गई। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह और प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने बस को हरी झंडी दिखाई। ये बस लखनऊ से रायबरेली, ऊंचाहार, सिराथू, राजापुर होते हुए हनुमानगंज पहुंचेगी। क्षेत्रीय प्रबंधन के अनुसार बस प्रतिदिन सुबह 8:30 बजे आलमबाग से रवाना होकर दोपहर 2:15 बजे हनुमानगंज पहुंचेगी। वहां से शाम 3:30 बजे चलकर रात 9:15 बजे लखनऊ पहुंचेगी।

## शहर में आज



- ट्रांसपोर्ट नगर आरटीओ कार्यालय में परिवहन मेला- 10 :00 बजे से।
- लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय में विशेष सदन की बैठक- 11 :00 बजे।
- आरोही प्लाजा में उप्र. आदर्श व्यापार मंडल, मुंशीपुलिया रिंग रोड इकाई का शपथ ग्रहण- 3 :00 बजे से।
- ऐशबाग में श्री श्याम ज्योत मंडल केश्याम निशानोत्सव में भजन संध्या- 7 :00 बजे से।

☞ पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# मेट्रो के निर्माण में अनुबंध शर्तों का उल्लंघन, पैसा भी ज्यादा दिया

## सुरक्षा में भी चूक, सीएजी की रिपोर्ट में जिम्मेदारी तय कर वसूली की सिफारिश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नवंबर 2013 से मार्च 2023 तक का किया गया ऑडिट
- सपा और भाजपा दोनों सरकारों के कार्यकाल में हुई गड़बड़ी
- विधानमंडल के पटल पर रखी गई सीएजी की ऑडिट रिपोर्ट



**अमृत विचार:** लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण में अनुबंध शर्तों के उल्लंघन करने के साथ अतिरिक्त भुगतान किया गया और संचालन में सुरक्षा चूक भी हुई है। ये खुलासा भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट में हुआ है। रिपोर्ट में परियोजना के निर्माण एवं संचालन में प्रशासनिक लापरवाही, वित्तीय अनियमितता और अनुबंध शर्तों का उल्लंघन करने की बात कही गई है। सीएजी ने नवंबर 2013 से मार्च 2023 तक की अवधि के दौरान परियोजना के नियोजन, निर्माण, संचालन और राजस्व प्रबंधन की विस्तृत समीक्षा की। इससे सपा और भाजपा दोनों सरकारों के कार्यकाल में परियोजना की कार्यशैली पर सवाल उठाए गए हैं। अनुबंध शर्तों के उल्लंघन, अतिरिक्त भुगतान और सुरक्षा चूकों के लिए उत्तरदायित्व तय करने और वसूली सुनिश्चित करने की सिफारिश भी की गई है।

राज्य विधानमंडल के समक्ष प्रस्तुत की गई सीएजी के निष्पादन लेखापरीक्षा प्रतिवेदन संख्या-12 (वर्ष 2025) में प्रदेश सरकार द्वारा 2013-14 के बजट में घोषित लखनऊ मेट्रो परियोजना को लागू करने के लिए गठित लखनऊ मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बाद में उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड) ने उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर (22.88 किमी) का निर्माण सितंबर 2014 में शुरू कर मार्च 2019 में पूरा किया। सीएजी ने पाया कि परियोजना को भारत सरकार की सैद्धांतिक स्वीकृति 22 स्टेशनों के लिए मिली थी, लेकिन कंपनी ने बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के एक महत्वपूर्ण स्टेशन 'महानगर मेट्रो स्टेशन' को परियोजना से बाहर कर दिया, जबकि विस्तृत परियोजना रिपोर्ट में इसे वर्ष 2021 में दूसरे सबसे अधिक यात्री भार वाला स्टेशन माना गया था।

### रॉयल्टी, भूमि और सुरक्षा से खिलवाड़

- परियोजना प्राधिकारियों द्वारा ठेकेदारों से फॉर्म एमएम-11 (ट्रांजिट पास) प्राप्त किए बिना भुगतान किया गया और 3.16 करोड़ की रॉयल्टी व खनिज मूल्य की कटौती नहीं की गई। इसके अतिरिक्त, मेट्रो डिपो के लिए खरीदी गई भूमि का एक हिस्सा विवादित होने के बावजूद उस पर निर्माण किया गया। गैर-पंजीकृत त्रिपक्षीय समझौते के आधार पर किया गया यह निर्माण सीएजी के अनुसार वित्तीय नियमों और विधिक प्रावधानों के विरुद्ध था। संचालन एवं रखरखाव के दौरान भी सुरक्षा मानकों में चूक सामने आई। आईआईटी कानपुर द्वारा किए गए परीक्षणों में रेल पटरियों का 'कठोरता मान' भारतीय रेलवे मानकों से कम पाया गया। इसके अलावा, अंतरिम गति प्रमाण-पत्र का समय पर नवीनीकरण न कर यात्रियों की सुरक्षा को जोखिम में डाला गया, और साइबर सुरक्षा के लिए प्रमाणित एजेंसी की नियुक्ति भी नहीं की गई।

### राजस्व बढ़ा, पर अवसर गंवाए गए

- हालांकि, परिचालन राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई और पांच वर्ष बाद परिचालन व्यय से अधिक राजस्व अर्जित हुआ, लेकिन सीएजी ने पाया कि यात्री संख्या और राजस्व, डीपीआर में अनुमानित लक्ष्यों से काफी कम रहे। मार्च 2025 तक हजारों वर्गफीट वाणिज्यिक स्थान और पार्किंग क्षेत्र पट्टे पर नहीं दिए जा सके, जिससे संभावित आय का नुकसान हुआ।

### अनियमितता

- बिना अनुमति 'महानगर मेट्रो स्टेशन' हटाया गया
- 15.75 करोड़ का कार्य 51.40 करोड़ में पूरा
- विज्ञापन लाइसेंस शुल्क की वसूली नहीं
- 3.16 करोड़ रॉयल्टी/खनिज शुल्क की कटौती नहीं
- विवादित भूमि पर डिपो का निर्माण

### ये भी गड़बड़ियां

- सुरक्षा और संचालन में रेड फ्लैग्स
- रेल पटरियों की कठोरता मानक से कम
- अंतरिम गति प्रमाण-पत्र का नवीनीकरण नहीं
- साइबर सुरक्षा एजेंसी की नियुक्ति नहीं
- राजस्व और संपत्ति विकास में चूक
- 54,196 वर्गफीट वाणिज्यिक स्थान खाली
- 15,984 वर्गफीट पार्किंग पर निविदा नहीं

### परियोजना के तहत किए गए कई अनुबंध प्रबंधन में की गई भारी गड़बड़ी

- लेखापरीक्षा में सामने आया कि परियोजना के तहत किए गए कई अनुबंधों में पारदर्शिता और वित्तीय अनुशासन का अभाव रहा। तकनीकी मूल्यांकन समिति की संस्तुति के बावजूद एक ठेकेदार की वित्तीय निविदा न खोले जाने को सीएजी ने अनुचित ठहराया। इसके अलावा, एलकेसीसी-07 अनुबंध के तहत 15.75 करोड़ की लागत वाला कार्य 51.40 करोड़ में पूरा किया गया, लेकिन लेखापरीक्षा को केवल 1.30 करोड़ के कार्य मदों का ही विवरण उपलब्ध कराया गया। इस पर राज्य सरकार की ओर से कोई स्पष्ट उत्तर भी नहीं दिया गया। विज्ञापन अनुबंधों में भी गंभीर चूक सामने आई। 12 ट्रेन सेटों के लिए दिए गए विज्ञापन अधिकारों के बदले लाइसेंसधारक से शुल्क वसूलने के बजाय उसे भुगतान से मुक्त कर दिया गया, जबकि अनुबंध के अनुसार शुल्क वसूली अनिवार्य थी। सीएजी ने इसे राजस्व हानि का स्पष्ट मामला बताया।



संगीत नाटक अकादमी में पुर्जा-पुर्जा कट मरे नाटक का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

# एक से डेढ़ मिनट में साक्षात्कार लेकर कर ली डॉक्टरों की भर्ती

## मात्र आठ घंटे में पूरा किया गया 350 आवेदकों का साक्षात्कार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में संविदा पर हुई है डॉक्टरों की नियुक्ति
- कुछ अभ्यर्थियों ने उप मुख्यमंत्री से शिकायत करने की बात कही

**अमृत विचार :** हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर संविदा पर डॉक्टरों की भर्ती में लापरवाही की परतें खुलने लगी हैं। लाखों खर्च कर विदेश में पढ़ाने करने वाले का ईडब्ल्यूएस कोटे में लीपापोती अभी चल ही रही है कि, साक्षात्कार में भी औपचारिकता बरतने का मामला सामने आ गया। महज आठ घंटे में 350 आवेदकों का साक्षात्कार कर लिया गया। यानी इंटरव्यू कमेटी ने एक अभ्यर्थी का साक्षात्कार (इंटरव्यू) केवल एक से डेढ़ मिलने में पूरा कर लिया गया। कुछ अभ्यर्थियों ने मामले की शिकायत उप मुख्यमंत्री से करने की बात कही है।

हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के लिए संविदा पर 55 एमबीबीएस डॉक्टरों की भर्ती के लिए 7 जनवरी को सीएमओ कार्यालय में साक्षात्कार हुआ था। साक्षात्कार में करीब 350 डॉक्टर शामिल हुए थे। सुबह 11 बजे साक्षात्कार प्रक्रिया शुरू हुई और शाम 7 बजे तक चली। अभ्यर्थियों का कहना है कि आठ घंटे में 350 उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया गया, जो औसतन एक मिनट 37 सेकेंड प्रति अभ्यर्थी बैठता है। कई उम्मीदवारों ने आरोप लगाया कि उनसे नाम, योग्यता और औपचारिक प्रश्न पूछकर तुरंत बाहर कर दिया गया। कुछ अभ्यर्थियों का दावा है कि निजी और विदेशी मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस करने वाले डॉक्टरों को विभागीय कर्मचारियों ने ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र बनवाने की सलाह दी गई। आरोप है कि ईडब्ल्यूएस कोटे के माध्यम से अपात्र अभ्यर्थियों को लाभ पहुंचाया गया।

### अभ्यर्थियों ने जताई नाराजगी



- इंटरव्यू में शामिल रहे कुछ डॉक्टरों ने कहा कि उन्होंने निजी मेडिकल कॉलेजों में एक से डेढ़ करोड़ रुपये खर्च कर पढ़ाई की है, लेकिन चयन प्रक्रिया में उन्हें उचित अवसर नहीं दिया गया। उन्होंने चयन प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच कराने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की है। सीएमओं डॉ. एनबी सिंह का कहना है कि सभी आरोप निराधार हैं। साक्षात्कार में किसी तरह की गड़बड़ी नहीं हुई है।

## सिटी ब्रीफ

### कर्मियों को मिली पुरानी पेंशन की बहाली

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजकीय नर्सेस संघ, उत्तर प्रदेश के सतत एवं संगठित प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। संघ के प्रयासों से अब तक 266 कर्मचारियों को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) से पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) में शामिल किया जा चुका है। संघ के महामंत्री अशोक कुमार ने बताया कि जिन कर्मचारियों के नाम पूर्व सूची में शामिल नहीं हो सके हैं और जो पुरानी पेंशन के वास्तविक हकदार हैं, उनकी अलग सूची भी शीघ्र जारी की जाएगी। इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही निरंतर जारी है। महामंत्री ने कहा सभी पात्र कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ दिलाने के लिए संगठन प्रतिबद्ध है और यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा, जब तक प्रत्येक कर्मचारी को उसका अधिकार प्राप्त नहीं हो जाता।

### कठौता चौराहे का नाम बदला गया

**अमृत विचार, लखनऊ :** कठौता चौराहे से विजयीपुर तक जाने वाले मार्ग का नामकरण शुक्रवार को पूर्व सदस्य विधान परिषद स्वी. राघव राम मिश्रा की स्मृति में किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह ने शिलापट्ट का अनावरण कर मार्ग का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में स्व. राघव राम मिश्रा के बेटे एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील मिश्रा उपस्थित रहे। पिता के जनसेवा, संगठन के प्रति समर्पण एवं क्षेत्र के विकास हेतु किए गए कार्यों को स्मरण किया। इस अवसर पर सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा, रमेश तूफानी, अमित टंडन क्षेत्रीय पार्षद शैलेन्द्र वर्मा, शैलेन्द्र शर्मा 'अटल', प्रदेश प्रवक्ता संजय चौधरी आदि उपस्थित रहे।

### चन्द्रावल चौराहे पर पांच घंटे गुल रही बिजली

**अमृत विचार, लखनऊ :** बिजनौर के शारदा नगर विस्तार उपकेंद्र के अंतर्गत चन्द्रावल चौराहे पर दोपहर 2 बजे से बिजली गुल होने से सैकड़ो दुकानदारों का कामकाज प्रभावित रहा। वहीं समस्या के समाधान के लिए व्यापारियों ने जेई सहित हेल्पलाइन नंबर 1912 पर कई बार शिकायत दर्ज कराई, लेकिन घंटो समस्या जस की तस बनी रही। मोबाइल व्यापारी संदीप ने बताया कि शुक्रवार दोपहर दो बजे के करीब क्षेत्र की सप्लाई ठप हो गई। इसकी शिकायत तुरंत उपकेंद्र पर करने के साथ संबंधित अधिकारी और हेल्पलाइन पर की, लेकिन घंटों बीत जाने के बाद मौके पर कोई कर्मचारी नहीं पहुंचा। इसके कारण क्षेत्र की सप्लाई को साढ़े सात बजे के बाद नार्मल हो पाई। इलाकें में पांच घंटे से अधिक सप्लाई बंद रही। एसडीओ सौरभ ने कहा कि केबल लूज होने सेसप्लाई बाधित हुई थी। टीम ने केबल कर आपूर्ति सामान्य कर दी।

कार्यशाला | महापौर सुषमा खर्कवाल ने गोमती नदी की स्वच्छता एवं संरक्षण के लिए बताईं नगर निगम ने कार्ययोजनाएं

# गोमती केवल नदी नहीं, हमारी सांस्कृतिक धरोहर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



कार्यशाला का दीप जलाकर शुभारंभ करते राज्यसभा सांसद संत बलबीर सिंह सीचेवाल, महापौर सुषमा खर्कवाल व अन्य।

**अमृत विचार :** गोमती केवल नदी नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर और लाखों लोगों की आजीविका का आधार है। इसे स्वच्छ, अविरल और निर्मल बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। ये बात शुक्रवार को होटल ताज में हुई कार्यशाला में महापौर सुषमा खर्कवाल ने कही।

'क्लीन गोमती' विषय पर आयोजित कार्यशाला में नगर निगम ने गोमती नदी की स्वच्छता एवं संरक्षण के लिए अपनी कार्ययोजनाएं प्रस्तुत की। महापौर ने कहा कि नगर निगम द्वारा नदी में गिरने वाले अपशिष्ट को रोकने, सीवेज प्रबंधन को सुदृढ़ करने, तटों के सौंदर्यीकरण तथा जनजागरूकता अभियानों को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है। नागरिकों से अपील की कि स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं। कार्यशाला में सांसद राज्यसभा संत बलबीर सिंह सीचेवाल, लेफ्टिनेंट जनरल नवीन सचदेवा, जल पुरुष राजेंद्र सिंह, एडवाइजर नगरीय विकास केशव वर्मा व सीईओ राज्य परिवर्तन आयोग मनोज कुमार सिंह ने विचार रखे। गोमती की स्वच्छता के लिए जनसहभागिता, प्रभावी नीति-निर्माण और ठोस कार्ययोजना की आवश्यकता पर बल दिया।

### नदी के पुनर्जीवन का महत्वपूर्ण कदम : लेफ्टिनेंट जनरल

- **अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र राज्य परिवर्तन आयोग की ओर से गोमती नदी के पुनर्जीवन पर रणनीतिक सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता, मध्य कमान के जीओसी-इन-सी ने कहा कि लखनऊ की जीवनरेखा को पुनर्जीवित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस उच्च स्तरीय मंच में नीति निर्माताओं, पर्यावरण विशेषज्ञों और विकास भागीदारों को एक साथ लाया गया ताकि नदी के सतत प्रबंधन के लिए एक समन्वित मार्ग तैयार किया जा सके। इस उच्च स्तरीय मंच में नीति निर्माताओं, पर्यावरण विशेषज्ञों और विकास भागीदारों को एक साथ लाया गया ताकि नदी के सतत प्रबंधन के लिए एक समन्वित मार्ग तैयार किया जा सके।

### 15 चालान, 51,100 रुपये जुर्माना वसूला

- नगर निगम ने शुक्रवार को शहर में गंदगी और प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ अभियान चलाकर 15 दुकानों के चालान किए। 51 हजार रुपये से अधिक जुर्माना वसूल भी वसूल किया गया। जोन-3 अंतर्गत श्याम स्वाद चौराहा से राम-राम बैंक चौराहा तक अभियान चलाया गया। गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध पांच चालान करके 5,300 जुर्माना वसूला गया। प्रतिबंधित पॉलीथिन मिलने पर आठ चालान करके 45,400 जुर्माना वसूला। बिना लाइसेंस तंबाकू बेचने वाले दुकानदारों को लाइसेंस बनवाने के लिए प्रेरित किया। दो दुकानों पर 400 रुपये जुर्माना लगाया। उधर, जोन-1 क्षेत्र में जोनल अधिकारी ओपी सिंह के नेतृत्व में 296 टीम ने रिवर बैंक कॉलोनी से जजेस कम्पाउंड होते हुए बासमंडी चौराहे के आसपास अतिक्रमण हटाया। इस दौरान एक ट्रक सामान जब्त करके नगर निगम स्टोर में जमा किया।

# नगर निगम का आज विशेष सदन, कल पेश होगा बजट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मूलभूत जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार करें बजट : महापौर
- कैंप कार्यालय पर प्रस्तावों पर चर्चा, अफसरों को दिए निर्देश

**अमृत विचार :** नगर निगम में शनिवार को विशेष सदन आयोजित होगा। 22 फरवरी को कार्यकारिणी की बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित 2278.34 करोड़ रुपये का बजट पेश किया जाएगा। इससे नगर के विकास को रफ्तार मिलेगी। बजट मूलभूत जरूरतों को ध्यान में रखा गया है।

महापौर सुषमा खर्कवाल ने शुक्रवार को कैंप कार्यालय पर नगर आयुक्त गौरव कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर बजट पर चर्चा की और विकास का खाका तैयार किया। इस बार नये टैक्स या पुराने टैक्स में बढ़ोतरी का प्रस्ताव नहीं रखा जाएगा। कूड़ा प्रबंधन पर करीब 300 करोड़ रुपये का प्रस्ताव रखा जाएगा। सड़क निर्माण के लिए 326 करोड़, पुराने कार्यों पर 370 करोड़ व अवस्थापना निधि से 180 करोड़ का प्रस्ताव पास होने पर विकास कार्य कराए जाएंगे। लाइट, पानी, सुंदरीकरण आदि पर भी करोड़ों खर्च किए जाएंगे।

महापौर ने कहा कि बजट में शहर के समग्र विकास, स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने, सड़क निर्माण एवं मरम्मत, जल निकासी प्रणाली, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था, पर्यावरण संरक्षण तथा राजस्व वृद्धि के उपायों को प्राथमिकता देने वाला होगा। अधिकारियों को निर्देशित किया कि बजट पूर्णतः जनहित केंद्रित हो तथा आम नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया जाए। बैठक में अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव, वित्त नियंत्रक महामिलिंद, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह, विनय कुमार राय, चीफ इंजीनियर (सिविल) महेश वर्मा, चीफ इंजीनियर (आर. आर.) मनोज प्रभात व पर्यावरण अभियंता संजीव प्रधान रहे।

# मोबाइल पर गेम खेलने से मना किया, बेड बॉक्स में छिपा छात्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- परेशान मां-पिता ने निगोहां थाने में दर्ज कराई सूचना
- निजी स्कूल के सातवीं के छात्र को लगी मोबाइल गेमिंग की लत

**अमृत विचार:** निगोहां के मस्तीपुर गांव में मोबाइल गेम खेलने से रोकने पर नाराज सातवीं कक्षा का छात्र बेड बॉक्स में छिप गया। काफी देर तक कमरे में न मिलने पर घबराए परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। करीब चार घंटे की तलाश के बाद पुलिस ने घर की तलाशी ली तो छात्र बेड बॉक्स के अंदर पसीने से तरबतर लेटा मिला।

रेलवे कर्मचारी पिता के अनुसार बेटा मोबाइल गेम का आदी है और देर रात तक गेम खेलता है। शुक्रवार सुबह स्कूल जाने के लिए तैयार होते समय उसे डांट दिया गया। इसी बीच वह चुपचाप बेड बॉक्स में छिप गया। घर में न मिलने पर परिजनों ने दोस्तों और आसपास तलाश की, फिर निगोहां पुलिस को सूचना दी।

एसओ अनुज तिवारी के निर्देश पर पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। शक होने पर घर की दोबारा तलाशी में छात्र मिल गया। पुलिस ने बच्चे और परिजनों की काउंसिलिंग की। शाम तक छात्र की हालत सामान्य हो गई।

# चालक ने 100 किमी की रफ्तार में दौड़ाई कार, सात वाहनों को ठोंका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- युवती व डिलीवरी ब्वॉय समेत तीन घायल
- राहगीरों ने चालक की धुनाई कर हसनगंज पुलिस को सौंपा

**अमृत विचार :** निरालानगर में शुक्रवार दोपहर बेकाबू कार ने सड़क किनारे खड़े सात वाहनों में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार डिलीवरी ब्वॉय और एक युवती समेत तीन लोग घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोगों में दहशत फैल गई। हादसे के बाद भाग रहे चालक को भीड़ ने दौड़ाकर पकड़ लिया। आरोपी की धुनाई करने के बाद उसे हसनगंज पुलिस को सौंप दिया गया। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि करीब 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से कार आईटी चौराहे से निरालानगर की ओर जा रही थी। इसी दौरान कार ने पहले बाइक सवार डिलीवरी ब्वॉय को टक्कर मारी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक अनियंत्रित हो गई। इसके बाद कार ने दो अन्य गाड़ियों को भी ठोकर मार दी। स्कूटी पर बैठी आयुषी भी इस हादसे की चपेट में आ गई। एक के बाद एक सात वाहनों को टक्कर मारने के बाद कार आखिरकार रुक गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीर मदद के लिए दौड़े और घायलों को संभाला।



बाइक को ठेलती हुई कार। अमृत विचार



हादसे में घायल युवती। अमृत विचार

आनन-फानन में घायल डिलीवरी ब्वॉय और आयुषी समेत तीन लोगों को अस्पताल ले जाया गया। वहीं, घटना के बाद कार छोड़कर भाग रहे चालक को राहगीरों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। लोगों ने आरोपी चालक की जमकर पिटाई की। इसी बीच सूचना मिलते ही हसनगंज पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपी चालक को भीड़ के चंगुल से निकालकर हिरासत में लिया। इंस्पेक्टर चितवन कुमार ने बताया कि कार चालक से पूछताछ की जा रही है। अभी इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## सिटी ब्रीफ

### अनियंत्रित कार डीसीएम से भिड़ी

**अमृत विचार, लखनऊ :** पारा के बुद्धेश्वर ओवरब्रिज पर शुक्रवार शाम को एक्सयूवी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर दूसरी ओर पट्टी पर जा रही डीसीएम में जा घुसी। हादसे में चालक घायल हो गया और कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीतापुर निवासी चालक रवि एक्सयूवी कार लेकर दुबग्गा से तिकुनिया तिराहा की ओर जा रहा था। रास्ते में बुद्धेश्वर ओवरब्रिज पर पहुंचते ही एक्सयूवी कार अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर पार कर दूसरी पट्टी पर जा रही डीसीएम में जा घुसी। जैसे ही एक्सयूवी डीसीएम में घुसी तो तेज धमाका हुआ। धमाके की आवाज सुनकर राहगीर रुक गए। हादसे के बाद ओवरब्रिज पर जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जाम खुलवाया और घायल एक्सयूवी कार चालक रवि बाहर निकाल कर निजी अस्पताल पहुंचाया।

### लविवि में एमबीए छात्र को सहपाठी ने पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** लविवि के लाल बहादुर शास्त्री हॉस्टल में पुरानी रंजिश में सहपाठी ने एमबीए छात्र को बेहरमी से पीटा। शिकायत पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वाराणसी के लंका निवासी राकेश कुमार लखनऊ विश्वविद्यालय के लाल बहादुर शास्त्री हॉस्टल में रहकर एमबीए की पढ़ाई कर रहा है। आरोप है कि बुधवार रात 9 बजे वह मेस में खाना खाने जा रहे थे। इसी दौरान सहपाठी संदीप तिवारी ने पुरानी बातों को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर संदीप ने उन्हें थप्पड़ मारे और जमीन पर गिराकर लात-घूंसे से पीटा, जिससे उनके चेहरे और गले में चोटें आईं। शिकायत करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। इंस्पेक्टर हसनगंज चितवन कुमार का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### चार के खाते से उड़ाए 1.67 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** साइबर जालसाजों ने अधिवक्ता समेत चार लोगों के खातों से कुल 1.67 लाख रुपये पार कर दिए। पीजीआई के कृष्ण विहार कॉलोनी स्थित पाठक पुरम निवासी रत्ना तिवारी के 16 फरवरी को नौ मिनट के भीतर चार बार में 18 हजार रुपये निकल गए। कैंट के कस्तूरबा मार्ग निवासी नितिका राय ने बताया कि 12 फरवरी को डिलीवरी के नाम पर आए कॉल में जालसाज ने स्कैनर भेजकर उनके खाते से 96,895 रुपये उड़ा लिए। चिनहट के मल्हौर निवासी अरविंद कुमार वर्मा के चार बैंक खातों से 36,161 रुपये पार कर दिए। वहीं मटियारी स्थित प्रेमबाग कॉलोनी निवासी अधिवक्ता ओमप्रकाश प्रजापति के मोबाइल पर एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड एप चेक करने पर 16,061 रुपये की ऑनलाइन शॉपिंग का पता चला। सभी मामलों में पुलिस जांच कर रही है।

### महिला के पर्स से लाखों के गहने उड़ाए

**अमृत विचार, लखनऊ :** पारा में शादी समारोह में शामिल होने आ रही ई-ऑटो सवार महिला के पर्स से बगल में बै माल थाना क्षेत्र के थावर गांव निवासी अनीता मौर्या शुक्रवार दोपहर दुबग्गा में परिवार संग पारा कुन्दन विहार में रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने के लिए आ रही थी। पीड़िता ने बताया कि वह बड़े नाला स्थान के पास एक ई-ऑटो में बैठ गयी। उनके साथ मां, बच्चे और चाची भी थी। बुद्धेश्वर चौराहे के पास एक महिला करीब नौ साल की बच्ची के साथ ऑटो में बैठ गयी। रास्ते में महिला ने उनके पर्स से करीब ढाई लाख के गहने उड़ा लिए। उसके बाद दुबग्गा इलाके में महिला बच्ची संग उतर गयी।

# मंदिर के सेवादार की हत्या कर शव फेंका

## दुबग्गा के बरावनकला स्थित पीरनगर गांव में हुई घटना, पिटाई के बाद पैंट से गला कसकर की गई थी हत्या, तीन गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** दुबग्गा के बरावनकला पीरनगर गांव स्थित मंदिर के सेवादार कल्लू प्रजापति (60) की हत्या कर शव को पास के 20 फीट गहरे खाली प्लॉट में फेंक दिया गया। सेवादार की पहले बेरहमी से पिटाई की गई, इसके बाद उसकी ही पैंट से गला कसकर हत्या कर दी गई। आरोपियों ने शव को गड्ढे में फेंक दिया ताकि किसी को जानकारी न हो सके। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक बरावनकला इलाके के पीरनगर गांव निवासी गुड्डू लोधी का क्षेत्र में एक प्लॉट है, जिसमें शीतला माता मंदिर बना है। गुड्डू लोधी के साथ उन्नाव के हसनगंज क्षेत्र के मोहान रोड स्थित नेवतनी गांव निवासी कल्लू प्रजापति रहते थे। वह करीब 25 वर्षों से मंदिर के पास खाली प्लॉट में तिरपाल डालकर रह रहे थे और मंदिर की सेवादारी करते थे। 16 जनवरी की रात मंदिर के पास आश्रयहीन कॉलोनी निवासी अंकित तिवारी की स्कूटी जल गई थी। अंकित को शक था कि स्कूटी कल्लू उर्फ बाबा ने जलाई है। इस बात को लेकर दोनों में नोकझोंक भी हुई थी। कल्लू के भाई पुत्तीलाल का आरोप है कि गुरुवार देर रात अंकित अपने दो साथियों राहुल रावत और राहुल कनौजिया के साथ मंदिर पहुंचा। तीनों मंदिर पर लगे बिजली के तार हटाने लगे, जिसका कल्लू ने विरोध किया। स्कूटी जलाने के शक और तार हटाने से रोकने पर तीनों ने कल्लू की पिटाई शुरू कर दी और चादर व पैंट से गला कसकर उसकी हत्या कर दी।



घटना स्थल पर जांच करते इंस्पेक्टर दुबग्गा श्रीकांत राय व एसीपी काकोरी शकील अहमद। अमृत विचार

### अविवाहित था कल्लू

परिजनों के अनुसार कल्लू ने शादी नहीं की थी, इसलिए वह परिवार से अलग रहकर मंदिर में सेवादार का कार्य करते थे। उनके एक भाई भोलाई की पहले ही मृत्यु हो चुकी है, जबकि भाई पुत्तीलाल उन्नाव के हसनगंज क्षेत्र में रहते हैं। पुत्तीलाल का आरोप है कि आरोपी और उसके साथी मंदिर के पास गांजा बेचने वालों की मदद करते थे, जिसका कल्लू विरोध करता था। पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और घटना में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### गड्ढे में शव फेंककर हुए फरार

पुलिस के अनुसार हत्या के बाद आरोपियों ने शव को पास के 20 फीट गहरे खाली भूखंड में फेंक दिया और फरार हो गए। शुक्रवार सुबह गोलू ने मैदान में कल्लू का खून से लथपथ शव देखा, जिसके गले में पैंट कसी हुई थी। उसने स्थानीय लोगों को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस को खबर दी गई। मौके पर एसीपी काकोरी शकील अहमद और इंस्पेक्टर दुबग्गा श्रीकांत राय टीम के साथ पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भाई पुत्तीलाल की तहरीर पर अंकित तिवारी, राहुल रावत और राहुल कनौजिया के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।



बरावनकला के पीरनगर स्थित मंदिर, यहीं हुई थी सेवादार की हत्या। अमृत विचार

# व्यवसायी को किया अगवा, पीटने के बाद चलती कार से फेंका

संवाददाता, काकोरी

**अमृत विचार :** दुबग्गा इलाके में सफारी सवार युवकों ने मैरिज लॉन से निकले एक व्यवसायी को असलहे के बल पर कार में अगवा कर लिया। शोर मचाने पर गोली मारने की धमकी दी और हरदोई रोड की ओर ले गए। वहां बंधक बनाकर पिटाई की और मोबाइल से वीडियो बनाया। आरोप है कि 75 हजार रुपये और सोने की चेन लूटने के बाद चलती कार से फेंककर फरार हो गए। शिकायत करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी भी दी। पीड़ित ने दो नामजद और कुछ अज्ञात के खिलाफ दुबग्गा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ठाकुरगंज के बरौरा हुसैनबाड़ी निवासी आकाश अवस्थी शादी पार्टियों में लाइटिंग और कैटरिंग की ठेकेदारी करते हैं। उन्होंने बताया कि 14 फरवरी को दुबग्गा स्थित एक लॉन में कार्यक्रम में गए थे। देर रात करीब 12:50 बजे बाहर निकलते ही सफारी सवार सौरभ ठाकुर, तुषार लोधी और उनके साथियों ने बंदूक दिखाकर रोक लिया और जबरन कार में बैठा लिया।

आरोप है कि रास्ते में आरोपियों ने लात-घूसों से पिटाई कर वीडियो बनाया और चलती कार से फेंक दिया। डरे-सहमे आकाश किसी तरह घर पहुंचे और परिजनों को जानकारी दी। 19 फरवरी की रात उन्होंने दुबग्गा थाने में तहरीर दी। पुलिस ने सौरभ ठाकुर, आकाश लोधी व अन्य अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच पुराना विवाद है और मामले की जांच की जा रही है।

### टक्कर से रिटायर्ड अधिकारी घायल

**अमृत विचार, आलमबाग :** कृष्णानगर स्थित एलडीए कॉलोनी में रिटायर्ड पीसीएस अधिकारी को बेकाबू वैगन आर कार ने टक्कर मार दी। हादसे में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एलडीए कॉलोनी सेक्टर डी-1 में रिटायर्ड पीसीएस अधिकारी बाल मुकुंद तिवारी रहते हैं। उनके अधिवक्ता बेटे तारकेश्वर तिवारी ने बताया कि गुरुवार दोपहर पिता घर के बाहर पौधों में पानी दे रहे थे। इसी दौरान बेकाबू वैगन आर कार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया। हादसे में बाल मुकुंद तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन ने उन्हें अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही कृष्णानगर कोतवाली में अज्ञात कार चालक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

# टक्कर के बाद पत्थर से टकराकर पलटी बाइक, छात्र की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- चचेरे भाई की बारात में शामिल होने जा रहा था छात्र
- नगराम के समेसी इलाके में हुआ हादसा



**अमृत विचार:** नगराम इलाके में बीए के छात्र की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। टक्कर के बाद बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे रखे पत्थर से टकराकर पलट गई। हादसा उस समय हुआ, जब छात्र अपने चचेरे भाई की शादी में शामिल होने जा रहा था। एसओ नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि तहरीर मिलने पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

कांटा करौंदी गांव निवासी अनिरुद्ध यादव सिक्योरिटी गार्ड हैं। उनके परिवार में पत्नी सरला और तीन बेटे आकाश, आयुष (20) व रजत हैं। आयुष बछरावां स्थित दयानंद डिग्री कॉलेज में बीए अंतिम वर्ष का छात्र था। पढ़ाई के साथ वह एक ऑनलाइन शॉपिंग कंपनी में डिलीवरी मैन का काम भी करता था। गुरुवार को कमालपुर बिचलका मजरा बल्दीखेडा गांव में चचेरे भाई अंकुश यादव की शादी थी। आयुष रात में बाइक से वहां जा रहा था।

समेसी-कमालपुर बिचलका मार्ग पर पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक पत्थर से टकरा गई और आयुष सिर के बल सड़क पर गिर पड़ा। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। नगराम पुलिस ने उसे ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मोबाइल से पहचान कर परिजनों को सूचना दी गई।

# आईडी हैक का डर दिखा छात्रा से 65 हजार ऐंठे ब्वॉयफ्रेंड ने पीटा

**अमृत विचार , लखनऊः** दुबग्गा क्षेत्र में 14 वर्षीय छात्रा से उसकी सहपाठी किशोरी ने इंस्टाग्राम आईडी हैक होने का डर दिखाकर 65 हजार रुपये ऐंठ लिए। पीड़िता की मां के अनुसार 20 जनवरी को उनकी गैरमौजूदगी में किशोरी घर पहुंची और आईडी सही कराने के नाम पर रुपये मांगे। छात्रा ने पिता के लॉकर से 65 हजार रुपये निकालकर दे दिए। बाद में एक युवक ने खुद को किशोरी का भाई दीपक बताकर फोन किया और 40 हजार रुपये न देने पर अश्लील फोटो वायरल कर बदनाम करने की धमकी दी। डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव के आदेश पर एसीपी काकोरी शकील अहमद ने जांच कराई। शुरुआती जांच में आरोप सही मिलने पर दुबग्गा पुलिस ने किशोरी, उसके प्रेमी आसिफ और कथित भाई दीपक के खिलाफ धोखाधड़ी, मारपीट व धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# करोड़ों की जीएसटी चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जाली दस्तावेज पर बोगस फर्म बनाकर कागजों में दिखाया करोड़ों का कारोबार
- जांच में 4.70 करोड़ के फर्जी लेनदेन का हुआ खुलासा, 37 लाख कर चोरी

**अमृत विचार:** जाली दस्तावेजों के आधार पर बोगस फर्म बनाकर करोड़ों रुपये का कागजी कारोबार दिखाने और आईटीसी हड़पने वाले गिरोह का पुलिस ने खुलासा किया है। महानगर थाने में दर्ज एफआईआर के बाद पुलिस व साइबर क्राइम सेल की टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। जांच में करीब 4.70 करोड़ रुपये के फर्जी लेनदेन और लगभग 37 लाख रुपये की जीएसटी चोरी सामने आई है।

डीसीपी क्राइम कमलेश दीक्षित के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में काकोरी के सलेमपुर पतौरा निवासी दीपक कुमार, पारा के बादरखेड़ा निवासी प्रशांत तिवारी और हरदोई संडीला के जाजमऊ निवासी कैलाश मौर्या शामिल हैं। आरोपियों के पास से विभिन्न बैंकों की चेकबुक, पासबुक, मोबाइल फोन व अन्य दस्तावेज बरामद हुए हैं।



पकड़े गये जीएसटी चोरी गिरोह के सदस्य। अमृत विचार

पुलिस के मुताबिक गिरोह का सरगना दीपक कुमार है। गिरोह जरूरतमंद लोगों को 10 से 15 हजार रुपये का लालच देकर उनके आधार, पैन, बैंक खाता और मोबाइल नंबर ले लेता था। फर्जी किरायानामा और बिजली बिल के जरिए जीएसटी फर्म का पंजीकरण कराया जाता था। 'केएस इंटर प्राइजेज' नाम से फर्म को भगवती चरण वर्मा मार्ग स्थित तेज हाउस के बोगस पते पर संचालित दिखाया गया, जबकि वहां कोई कार्यालय नहीं था।

फर्जी इनवॉइस और ई-वे बिल के जरिए कंपनियों के साथ कागजी लेनदेन दिखाकर बोगस आईटीसी बेची जाती थी। 3 नवंबर 2025 को राज्यकर विभाग के उपायुक्त अशोक कुमार त्रिपाठी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज हुई। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।

### आठवीं पास चला रहा था गिरोह

साइबर क्राइम सेल के अनुसार दीपक और प्रशांत आठवीं पास हैं। दीपक फर्नीचर का काम करता है और पूर्व में जेल जा चुका है। कैलाश बीएससी शिक्षित है। तीनों ने कम समय में अमीर बनने के लालच में फर्जीवाड़ा कर जीएसटी चोरी का नेटवर्क खड़ा किया।

**आयोजन** | ट्रांसपोर्ट नगर आरटीओ कार्यालय में वन टाइम टैक्स को लेकर लगा परिवहन मेला

# 73 वाहन स्वामियों ने जमा किए 25 .40 लाख रुपये




परिवहन मेले के मौके पर एआरटीओ प्रशासन प्रदीप कुमार सिंह व अन्य। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पुराने वाहन स्वामियों ने उठाए सवाल, आठ प्रतिशत छूट का भी प्रावधान

**अमृत विचार :** कॉमर्शियल वाहनों पर लागू वन टाइम टैक्स को लेकर शुक्रवार को ट्रांसपोर्ट नगर स्थित आरटीओ कार्यालय परिसर में परिवहन मेला आयोजित किया गया। मेले की शुरुआत आरटीओ प्रशासन संजय तिवारी ने की। एआरटीओ प्रशासन प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में आरआई प्रशांत कुमार तथा प्रधान व वरिष्ठ सहायकों पंकज सिंह, प्रकाश नारायण, रईस और केके दुबे ने वाहन स्वामियों के कर निर्धारण और गणना की प्रक्रिया पूरी कराई।

मेले में कुल 113 वाहन स्वामी पहुंचे, जिनमें से 73 ने मौके पर ही 25 लाख 40 हजार रुपये का टैक्स जमा किया। अधिकारियों के अनुसार सबसे अधिक टैक्स मोटर कैब के वाहन स्वामियों ने जमा किया। विभाग ने बताया कि वन टाइम टैक्स जमा करने पर बार-बार टैक्स भरने और देरी से भुगतान पर लगने वाले जुर्माने से राहत मिलेगी। साथ ही भविष्य में यात्री वाहनों को निजी वाहन में परिवर्तित कराने पर अलग से टैक्स नहीं देना होगा। एकमुश्त भुगतान पर आठ प्रतिशत की छूट का भी प्रावधान है।

हालांकि कई पुराने वाहन स्वामियों ने योजना को कम लाभकारी बताया। उनका कहना है कि आय नहीं होने की स्थिति में एकमुश्त टैक्स जमा करना मुश्किल है, इसलिए किस्त या वैकल्पिक व्यवस्था की जरूरत है।

# छांगुर गिरोह से जुड़ी महिला ने कांफ्रेंस कॉल पर दिलायी धमकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीड़ित का आरोप, संस्था का सचिव बनकर दंपति करते हैं ठगी

**निजी संस्था के सचिव ने चिनहट कोतवाली में दर्ज करायी रिपोर्ट**

**अमृत विचार:** निजी संस्था के सचिव ने दंपति समेत तीन लोगों पर कांफ्रेंस कॉल के जरिए जान से मारने की धमकी दिलाने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि आरोपी की पत्नी के संबंध छांगुर बाबा गिरोह से हैं और उसका पति संस्था का सचिव बनकर लोगों से ठगी करता है। चिनहट पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि मामले की पड़ताल की जा रही है।

इंदिरानगर हरिहरनगर निवासी अखिलेश सिंह लखनऊ डायोसियन ट्रस्ट एसोसिएशन (एलडीटीए) में सचिव हैं। उनका आरोप है कि 6 अगस्त 2025 की सुबह करीब 9:50 बजे उन्हें एक कॉल आई। कॉल करने वाली महिला ने अपना नाम अल्का खान बताया और कांफ्रेंस कॉल के जरिए एक व्यक्ति से बात कराई। उस व्यक्ति ने जान से मारने और परिवार को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी। अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए संस्था से हटवाने की भी चेतावनी दी। पीड़ित ने बातचीत रिकॉर्ड कर ली।

कॉल बैक करने पर पता चला कि धमकी देने वाले का नाम राजीव है, जिसे अल्का खान 'राजीव भैया' कह रही थी। आरोप है कि अल्का का पति लियाकत खान खुद को संस्था का सचिव बताकर ठगी करता है और उसके खिलाफ कई मामले न्यायालय में लंबित हैं। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि दंपति विवादित संपत्तियों पर कब्जा कराने और झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देता है। पुलिस ने अल्का खान, लियाकत खान और राजीव के खिलाफ गाली-गलौज व धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# छत्रपति शिवाजी की जयंती पर 17 कर्मयोगी सम्मानित

## पद्मश्री अनिल रस्तोगी, पद्मश्री डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, पद्मश्री डॉ. कमल कृष्ण ठकराल, पद्मश्री रामसरन वर्मा, डॉ. अशोक वाजपेयी को सम्मान से नवाजा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



लखनऊ विश्वविद्यालय में पद्मश्री अनिल रस्तोगी को छत्रपति शिवाजी महाराज कर्मयोगी सम्मान देते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और पुरस्कार लेते अन्य लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार:** छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती के अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने पद्मश्री अनिल रस्तोगी, पद्मश्री डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, पद्मश्री डॉ. कमल कृष्ण ठकराल, पद्मश्री रामसरन वर्मा, डॉ. अशोक वाजपेयी समेत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 17 विभूतियों को छत्रपति शिवाजी महाराज कर्मयोगी सम्मान प्रदान किया।

लविवि के मालवीय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज केवल महान योद्धा नहीं, बल्कि सुशासन, जनकल्याण, सांस्कृतिक स्वाभिमान और राष्ट्रगौरव के शाश्वत प्रतीक हैं। उनका जीवन आज भी भारत के वर्तमान और भविष्य के लिए मार्गदर्शक है।

चौधरी ने कहा कि सीमित संसाधनों और विपरीत परिस्थितियों में शिवाजी महाराज ने जिस दूरदर्शिता, रणनीति और जनविश्वास के साथ 'हिंदवी स्वराज' की स्थापना की, वह आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा का प्रारंभिक स्वरूप है। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज ने न्यायपूर्ण कर व्यवस्था, महिला सम्मान, किसानों के कल्याण, स्वदेशी और मजबूत प्रशासनिक ढांचे को प्राथमिकता दी। उनकी नौसेना, किलेबंदी और गुरिल्ला युद्ध नीति आज भी सैन्य रणनीति का आदर्श मानी जाती है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एसबी निमसे ने कहा कि शिवाजी महाराज का जीवन भले ही लगभग 50 वर्षों का रहा, लेकिन उनके आदर्श सदियों तक प्रेरणा देते रहेंगे। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय में छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम पर शोधपीठ स्थापित करने का प्रस्ताव रखा, जिस पर पंकज चौधरी ने हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति जयप्रकाश सैनी ने कहा कि विश्वविद्यालयों का दायित्व केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि युवाओं में नेतृत्व, नैतिकता और राष्ट्रबोध विकसित करना भी है। यूपी योगा एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं भाजपा नेता नीरज सिंह ने कहा कि शिवाजी महाराज का जीवन 'राष्ट्र प्रथम' की भावना का जीवंत उदाहरण है। महापौर सुषमा खर्कवाल भी कार्यक्रम में शामिल हुई।

### शिवाजी महाराज का नेतृत्व विश्वास और संगठन की शक्ति पर आधारित था : पंकज

- प्रदेश अध्यक्ष ने तानाजी मालुसरे, बाजी प्रभु देशपांडे और नेताजी पालकर जैसे सेनानायकों का उल्लेख करते हुए कहा कि शिवाजी महाराज का नेतृत्व विश्वास और संगठन की शक्ति पर आधारित था। उन्होंने महिलाओं के सम्मान को सर्वोच्च स्थान दिया और शत्रुपक्ष की महिलाओं के साथ भी मर्यादित व्यवहार सुनिश्चित किया। उनका शासन समावेशी था, जिसमें युवाओं, किसानों, महिलाओं और कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण को केंद्र में रखा गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज का भारत भी शिवाजी महाराज के सुशासन, सुरक्षा, महिला सम्मान और आत्मनिर्भरता के सिद्धांतों पर आगे बढ़ रहा है। विकसित भारत का संकल्प उसी परंपरा का आधुनिक विस्तार है।



छत्रपति शिवाजी महाराज कर्मयोगी सम्मान के साथ डॉ. अशोक वाजपेयी व अन्य।

### भारत मंडपम घटना की कड़ी निंदा

- पंकज चौधरी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' के दौरान युवक कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन की तीखी निंदा की। उन्होंने कहा कि यह राजनीतिक विरोध नहीं, बल्कि भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने का सुनियोजित प्रयास है। जब 100 से अधिक देशों की भागीदारी वाले मंच पर भारत की तकनीकी शक्ति की सराहना हो रही थी, तब इस तरह की अराजकता राष्ट्रहित के विरुद्ध है। उन्होंने कांग्रेस से देश से माफी मांगने और जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका निभाने की मांग की।

## 'मृदंगम' में कला और सांस्कृतिक चेतना का अद्भुत संगम

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीजी सिटी स्थित द संस्कृति स्कूल में शुक्रवार को 'मृदंगम-एक सांस्कृतिक संध्या' में कला और सांस्कृतिक चेतना का अद्भुत संगम देखने को मिला। अजारा अर्थकम्युनिटी व लखनऊ विकास प्राधिकरण के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुति देकर दर्शकों का मनमोह लिया। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य कला-संवर्धन, युवा सहभागिता तथा भगवद्गीता के जीवंत एवं शाश्वत संदेश को आधुनिक जीवनशैली से जोड़ना था। कार्यक्रम ने मूल्य-आधारित शिक्षा, नैतिक नेतृत्व और सांस्कृतिक चेतना के महत्व को प्रभावी ढंग से रेखांकित किया। प्रवेश द्वार पर सुसज्जित कला प्रदर्शनी ने भारतीय रचनात्मकता और परंपरा की सुंदर झलक प्रस्तुत की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण "गीता कनेक्ट" इंटरैक्टिव सत्र रहा, जिसका संचालन इस्कॉन, लखनऊ के उपाध्यक्ष दीनदयाल कृष्ण दास द्वारा किया गया। उन्होंने नैतिक अभिभावकत्व, मूल्य-आधारित शिक्षा, नेतृत्व क्षमता, मानसिक स्पष्टता एवं भावनात्मक संतुलन जैसे समकालीन विषयों पर सारगर्भित विचार साझा किए। कार्यक्रम का समापन कीर्तन एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ।



तिलकनगर के महाराजा अग्रसेन पार्क में सजा खाटू श्याम बाबा का दरबार। अमृत विचार

# गणेश और लक्ष्मीनारायण की हुई प्राण प्रतिष्ठा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



आलमबाग स्थित श्री त्रिमूर्ति हनुमान मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में नम्रता पाठक को स्मृति चिह्न देते आयोजक।

**अमृत विचार:** आलमबाग चौराहे पर श्री त्रिमूर्ति हनुमान मंदिर में आयोजित पांच दिवसीय श्री गणेश एवं लक्ष्मीनारायण प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। स्थापना के बाद प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया।

इस मौके पर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक की पत्नी नम्रता पाठक पहुंची और पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान नटखेडा रोड युवा व्यापार मण्डल के अध्यक्ष मनीष अरोड़ा सहित व्यपार मण्डल के पदाधिकारियों ने उन्हें स्मृति चिन्ह व पुष्प गुच्छ भेंट किया। इस अवसर पर मौजूद मंदिर के पुजारी पं. राजमणि मिश्राने बताया कि श्री गणेश एवं लक्ष्मीनारायण प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम अनुष्ठानों के साथ पूरा हुआ। इस दौरान पूर्व विधान परिषद सदस्य अरविंद त्रिपाठी गुड्डू, पूर्व विधायक सुरेश चन्द तिवारी, राजेश बत्रा, संतोष तिवारी, राजन सोनकर, प्रशांत गुप्ता, सागर शुक्ला, मनीषा सिंह तोमर, दीक्षा त्रिपाठी, सुशील सिंह तोमर सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए और प्रसाद ग्रहण किया।

# मल्ल राजवंश के राजदरबार में विराजे खाटू श्याम

## अग्रसेन पार्क में 50 फीट चौड़े तथा 111 फीट ऊंचे पांडाल में सजाया गया दरबार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **श्री श्याम ज्योत मंडल का तीन दिवसीय श्री श्याम निशानोत्सव ऐशबाग तिलकनगर महाराजा अग्रसेन पार्क में शुरू**

**अमृत विचार :** श्री श्याम ज्योत मंडल के तीन दिवसीय 44वें श्री श्याम निशानोत्सव की शुरुआत ऐशबाग के तिलकनगर महाराजा अग्रसेन पार्क में शुक्रवार को हो गई। मल्ल राजवंश के भव्य राजदरबार में बाबा श्याम विराजे। जमघट म्हारे श्याम का पर आधारित भजन संध्या सजाने के लिए जयपुर के कुमार नरेंद्र, संजय पारीक, नवीन शर्मा, रोहित शर्मा एवं रांची की पूजा पारीक भजन प्रवाहकों ने श्याम दरबार में भक्तिमय भजनों से बाबा श्याम का गुणगान किया।

बाबा श्याम का बाघा स्वर्ण आभूषणों, रत्नजड़ित मोतियों से अंलकृत एवं स्वर्णिम आभा से सुशोभित हो रहा था। 50 फीट चौड़े तथा 111 फीट ऊंचे पांडाल में बाबा श्याम का राजदरबार सजाया गया। राजदरबार की दीवारों पर देवी-देवाताओं, टेराकोटा नक्काशी और पंडाल को रंग-बिरंगे एलईडी लाइटों से सुशोभित किया गया था। उत्सव स्थल को कोलकाता के एलईडी पैनलों एवं विशालकाय तोरणद्वार पर देवी देवताओं के चित्रों एवं कलाकृतियों को खूबसूरती से एलईडी पैनलों पर उकेरा गया था।

मीडिया प्रभारी अनुपम मित्तल ने बताया कि इस बार मल्ल राजवंश के काल की प्रसिद्ध बिष्णुपुर टेराकोटा वाले भव्य पंडाल में बाबा श्याम का राजदरबार बनाया गया। बाबा का दरबार बंगाल की लाल मिट्टी और प्राचीन मंदिर वास्तुकला पर आधारित है। पंडाल में टेराकोटा नक्काशी और पुरी के जगन्नाथ जी, सुभद्रा जी एवं बलभद्र जी के दर्शन हो रहे हैं।

भजन संध्या से पूर्व पं. गिरिजा शंकर के साथ कई पुरोहितों ने गणेश पूजन कर सकुशल उत्सव संपन्न कराने की प्रार्थना कर ज्योत का प्रज्वलन किया गया। सर्वप्रथम राज श्री म्यूजिकल समूह के साथ समिति के सदस्यगणों ने गणेश वंदना कर भजन संध्या का शुभारंभ किया। कुमार नरेंद्र ने सांवरे सलोने सताया ना करो, रोज़ रोज़ सपनों में आया ना करो..., ना पुष्पों के हार, ना सोने के दरबार, श्याम तो प्रेम के भूखे है, कन्हैया प्रेम के भूखे हैं..., संजय पारीक ने मेरी बात बन रही है, तेरी बात करते करते..., श्याम की पूजा करते हो तो अहम कभी न करना, ये दरबार है साचा, वहम कभी न करना, मेरा बाबा रूठ जाता है... नवीन शर्मा, रोहित शर्मा एवं पूजा पारीक समेत सभी भजन गायकों ने समां बांध दी। सब झूमों नाचो वो आने वाला है..., वो खाटू बुलाता रहे और मैं आता रहूं... जैसे भक्तिमय भजनों की सरिता प्रवाहित की।



खाटू श्याम के दरबार में भजन सुनते भक्त।

गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड होल्डर कोलकाता के आसिम मत्या ने दरबार निर्माण, टेंट कार्य राम कृष्ण टेंट एवं अवस्थी लाइट एंड सांउड बाबा के चरणों में अपनी सेवा समर्पित की।

इस अवसर पर अध्यक्ष श्रवण अग्रवाल, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र अग्रवाल, संरक्षक भारत भूषण गुप्ता, उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, सुरेश कंछल, सदस्य मुकेश अग्रवाल, सचिन कंछल, मोती कंछल, योगेन्द्र,सक्षम, मोहित, विवेक,निश्चल, श्रेयस, राजरानी अग्रवाल, साक्षी एवं श्याम भक्त मौजूद थे।

## निजीकरण की सोच के खिलाफ चलेगा अभियान

**अमृत विचार, लखनऊ :** भय और उत्पीड़न के माहौल को खत्म कर सहमति बने बिंदुओं को लागू कराने और कार्मिकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए विद्युत कर्मचारी मोर्चा संगठन ने व्यापक अभियान चलाने की घोषणा की है।

साथ ही पूर्वांचल, दक्षिणांचल के साथ शेष अंचलों के निजीकरण की सोच को समाप्त करने का भी संकल्प लिया गया है। इन बिंदुओं को लेकर शुक्रवार को कर्मचारी मोर्चा संगठन की पत्रकार वार्ता अशोक मार्ग स्थित एक रेस्टोरेंट में आयोजित की गई।

संगठन के केन्द्रीय अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश अवस्थी बब्बू ने बताया कि 46वें वार्षिक महाधिवेशन के दौरान कार्मिकों से संबंधित ज्वलंत मुद्दों और प्रबंधन की मनमानियों पर अंकुश लगाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

कार्यक्रम का उद्घाटन प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की ओर से किया जाएगा। प्रेसवार्ता के दौरान संगठन ने आरोप लगाया कि वर्तमान प्रबंधन की ओर से नियम विरुद्ध कार्यालय सहायकों का जिले से बाहर स्थानांतरण किया जा रहा है, जबकि इस संबंध में पूर्व में सहमति बन चुकी है। इसके अलावा सेवानिवृत्त कार्मिकों को 6600 ग्रेड पे का लाभ नहीं दिया जा रहा है।

## सिटी डायरी

### बैंक ऑफ इंडिया ने किया मेगा क्रेडिट कैंप का आयोजन



मेगा क्रेडिट कैंप कार्यक्रम में उपस्थित डीएम व अन्य।

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री के निर्देश व राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति उप्र के तत्वावधान में बैंक ऑफ इंडिया ने शुक्रवार को मेगा क्रेडिट कैंप आयोजित किया। कार्यक्रम की शुरुआत जिलाधिकारी विशाख जी. ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। फील्ड महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार ने अतिथियों और ग्राहकों का स्वागत करते हुए विभिन्न सरकारी बैंकिंग योजनाओं की जानकारी दी। कैंप में 18 बैंकों ने भाग लिया और पीएमएफई, पीएमईजीपी, पीएम मुद्रा, पीएम स्वनिधि तथा मुख्यमंत्री युवा योजना से जुड़े लाभार्थी उपस्थित रहे। सीकेवाईसी अद्यतन व आरसेटीआई प्रशिक्षुओं के उत्पादों के स्टॉल भी लगाए गए। जनवरी से अब तक लखनऊ में बैंकों ने 4589 करोड़ रुपये के ऋण वितरित किए हैं। कैंप में 170 ग्राहकों को 467 करोड़ रुपये के स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए।




प्रदर्शन करते यूनाइटेड टैक्सी ऑपरेटर प्रोटेक्शन फ्रंट के लोग।

### वन-टाइम टैक्स के खिलाफ किया प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** टैक्सी वाहनों पर वन–टाइम टैक्स लागू करने के विरोध में शुक्रवार को यूनाइटेड टैक्सी ऑपरेटर्स प्रोटेक्शन फ्रंट के बैनर तले मोटर मालिक और चालक शहीद स्मारक पर एकत्र हुए। वहां से परिवहन आयुक्त कार्यालय तक मार्च निकालकर वन–टाइम टैक्स नीति को वापस लेने की मांग से संबंधित ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा। व्यवसायियों का कहना था कि टैक्सी वाहनों को दो वर्ष की फिटनेस और पांच वर्ष का परमिट दिया जाता है, तो 15 वर्ष का एकमुश्त टैक्स वसूलना ठीक नहीं है। उनका तर्क है कि यदि यह नीति लागू करनी ही है तो नई गाड़ियों पर की जाए, पुरानी गाड़ियों को इससे बाहर रखा जाए। संयोजक रवि आनंद ने बताया कि अधिसूचना में पहले से पंजीकृत वाहनों को भी शामिल कर लिया गया है।




चौपाल में बोलते डॉ .दिनेश शर्मा, साथ में अन्य।

### चौपाल में की बजट पर चर्चा

**अमृत विचार, लखनऊ :** भाजपा महानगर इकाईकी ओर से शुक्रवार को मध्य विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत हजरतगंज के हलवासिया कोर्ट में बजट चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद, पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि बजट "विकसित भारत" के संकल्प को साकार करने वाला है। इसमें रमेश तूफानी, रजनीश गुप्ता, घनश्याम दास अग्रवाल, सुधीर हलवासिया, सुधाकर त्रिपाठी, विनायक पाण्डेय, प्रवीण गर्ग, सुरेश छाबलानी, प्रियंक गुप्ता, विपिन सोनकर, किशन कुमार लोधी, गिरीश गुप्ता, राम कृष्ण यादव, मनोज रस्तोगी, एसपी कंछल उपस्थित रहे।



डाक सेवा समाधान दिवस में शिकायत सुनते अधिकारी।

### शिकायतें सुनीं

**अमृत विचार, लखनऊ :** जीपीओ परिसर में शुक्रवार को डाक सेवा समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें पोस्टमास्टर जनरल सुनील कुमार राय ने ग्राहकों की समस्याएं सुनीं। लखनऊ जिले से संबंधित 71 शिकायतें आईं, जिसमें 59 का मौके पर समाधान कर दिया गया। 12 शिकायतों के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया गया है। सुधीर का किसान विकास पत्र का मृत्युदावा भी निपटाया दिया गया।

व्याख्यान

राज्य संग्रहालय, संस्कृति विभाग की ओर से किया गया आयोजन

# संस्कृति से होता है निर्मलता का निर्माण : प्रो .कपूर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **व्याख्यान में प्रो. एसएन. कपूर ने गुप्तकालीन कला के आयामों से कराया परिचित**

**अमृत विचार :** संस्कृति से निर्मलता का निर्माण होता है, साथ ही इससे आभ्यासिक, औपदेशिक एवं सारस्वत तीन प्रकार का ज्ञान प्राप्त किया जाता है। चौथी शताब्दी से छठी शताब्दी तक के समय को कला के क्षेत्र का स्वर्ण युग कहा जाता है, जिसे हम गुप्तकाल के नाम से जानते हैं। ये बात शुक्रवार को गुप्त कालीन कला में सांस्कृतिक चेतना विषय पर आयोजित व्याख्यान में प्रो. एसएन. कपूर ने की। उन्होंने गुप्तकालीन कला के विभिन्न आयामों से परिचित कराया।

राज्य संग्रहालय, संस्कृति विभाग की ओर से कला अभिरुचि पाठ्यक्रम व्याख्यान श्रृंखला के अंतर्गत व्याख्यान का शुभारंभ प्रो. शैलेन्द्र नाथ कपूर, पूर्व विभागाध्यक्ष, प्राभाइ. एवं पुरातत्व विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय ने किया। प्रो. कपूर ने गुप्त संवत से सन् में बदलने के लिये अल्बरूनी द्वारा लिखित पुस्तक की चर्चा की और बताया कि अल्बरूनी के अनुसार शक संवत के 241 साल बाद गुप्त संवत की शुरुआत हुई। उन्होंने गुप्त शासकों का परिचय देते हुए प्रमुख शासकों का क्रम बताया। चन्द्रगुप्त प्रथम, समुद्रगुप्त, चन्द्रगुप्त द्वितीय, कुमारगुप्त। इसके पश्चात गुप्तकाल की कला के विषय में बताते हुए गुप्तकाल की मन्दिरों, मूर्तियों, सिक्कों आभूषण आदि की भी चर्चा की।

उन्होंने बताया कि उस काल के मन्दिरों में मुख्यतः चार अनुभाग स्पष्ट देखा जा सकता है प्रथम गर्भगृह, द्वितीय मण्डप, तृतीय प्रदक्षिणा पथ एवं चतुर्थ बरामदा। इसके अतिरिक्त गुप्तकाल की कलाओं से सम्बन्धित अनेक विषेशताओं के साथ-साथ स्रोतों एवं अभिलेखों से भी परिचित करवाया। पद्मविभूषण कला इतिहास एवं पुरातत्व विभाग, कोलंम्बिया विश्वविद्यालय, न्यूयॉर्क प्रो. विद्या दहेजिया ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया। समापन पर सहायक निदेशक डॉ. मीनाक्षी खेमका ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संग्रहालय के शारदा प्रसाद, प्रीती साहनी, डॉ. अनीता चौरसिया, धनन्जय कुमार राय, शशिकला राय, शालिनी श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार, राहुल सैनी, गायत्री गुप्ता एवं संग्रहालय के समस्त कार्मिक उपस्थित रहे।

## सिटी ब्रीफ

### युवा, इतिहास और लोकतंत्र पर मंथन

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैसरबाग स्थित आईपीटीए कैंपस में सोशल जस्टिस कॉन्क्लेव के दूसरे दिन शुक्रवार को देश, समाज और लोकतंत्र से जुड़े मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि आज विश्वविद्यालय ही लोकतांत्रिक प्रतिरोध के प्रमुख केंद्र बचे हैं। सत्र में इतिहास और साहित्य के संदर्भ में मिथ्या आख्यानों पर चिंता व्यक्त की गई। वक्ताओं ने कहा कि इतिहास से छेड़छाड़ समाज के लिए घातक हो सकती है और सामाजिक न्याय की लड़ाई सड़क पर उतरकर ही लड़ी जानी चाहिए। पूंजी की आंधी में पत्रकारिता का सच सत्र में मीडिया पर कॉरपोरेट प्रभाव और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर चर्चा हुई। पर्यावरण विषयक विशेष व्याख्यान में हिमालयी संकट को राष्ट्रीय चिंता बताया गया। समापन संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन के साथ हुआ। आयोजकों ने नागरिकों से सक्रिय सहभागिता की अपील की।

### टीमों के गठन के लिए चयन ट्रायल आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में आगामी प्रतियोगिताओं की तैयारी के क्रम में ताइक्वांडो (महिला) और आर्म रेसलिंग (पुरुष) टीमों के गठन के लिए चयन ट्रायल का आयोजन किया गया। ट्रायल में कुल 26 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन किया। चयन प्रक्रिया के दौरान खिलाड़ियों ने तकनीक, शक्ति, संतुलन और आत्मविश्वास का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। ताइक्वांडो कोच प्रमोद कुमार तिवारी के साथ आर्म रेसलिंग कोच हिमांशु मिश्रा ने निर्धारित मानकों के आधार पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। यह चयन प्रक्रिया कुलपति प्रो. अजय तनेजा की देखरेख में आयोजित हुई। क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष डॉ. नीरज शुक्ल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें आगामी प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। सदस्य सचिव डॉ. मोहम्मद शारिक और डॉ. हसन मेहदी ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों की सूची शीघ्र ही क्रीड़ा परिषद कार्यालय के साथ विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी की जाएगी।

### दम दिखाने को तैयार लखनऊ के जूडोका

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश राज्य सब–जूनियर बालक एवं बालिका जूडो चैंपियनशिप के लिए शुक्रवार को लखनऊ मंडल की टीम घोषित कर दी गई। चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद खिलाड़ियों की सूची जारी की गई। प्रतियोगिता 25 से 27 फरवरी तक लखनऊ में आयोजित होगी, जिसमें प्रदेशभर के खिलाड़ी भाग लेंगे। लखनऊ टीम में नौ बालक और छह बालिकाओं को स्थान मिला है। उप्र जूडो एसोसिएशन के सचिव मुनव्वर अंजार ने बताया कि चयनित खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार हैं। बालक वर्ग में अरशान, शिवा, हरिओम, शिवम सैनी, कान्हा, ओम सिंह, प्रिंस पटेल, प्रदीप और रवि शामिल हैं। बालिका वर्ग में वंशिका, आराध्या साहू, कनक, पूर्वी, साची दुबे और साची सिंह का चयन हुआ है। हरदोई जिले से पायल, अद्यांशी और मानसी ने भी अपनी जगह बनाई है। चयन के दौरान खिलाड़ियों ने तकनीक और फिटनेस का प्रदर्शन किया। यह चैंपियनशिप उभरते खिलाड़ियों के लिए महत्वपूर्ण मंच मानी जा रही है।

### ध्रुव और ट्रंफ अकादमी ने दर्ज की जीत

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीबीडी ए डिवीजन लीग के अंतर्गत शुक्रवार को खेले गए मुकाबलों में ध्रुव क्रिकेट एकेडमी और ट्रंफ क्रिकेट एकेडमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे अंक अर्जित किए। ध्रुव ने यार्कर क्रिकेट क्लब को छह विकेट से हराया, जबकि ट्रंफ ने यूपी टिंबर क्रिकेट क्लब को 42 रन से शिकस्त दी। स्पोर्ट्स गैलेक्सी स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी करते हुए यार्कर क्रिकेट क्लब ने 39 .4 ओवर में 219 रन बनाए। ब्रजेंद्र सिंह ने 76 गेंदों पर पांच चौके और पांच छक्कों की मदद से 88 रन बनाए। ध्रुव की ओर से सागर शर्मा ने पांच विकेट झटके। जवाब में ध्रुव क्रिकेट एकेडमी ने चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। मैन ऑफ द मैच अंश यादव ने 98 रन की प्रभावशाली पारी खेली, जबकि अंशुल कुमार ने नाबाद 75 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। स्पोर्ट्स गैलेक्सी बी ग्राउंड पर ट्रंफ क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में नौ विकेट पर 264 रन बनाए। आदेश कुमार ने 97 गेंदों में नौ चौके और आठ छक्कों के साथ 122 रन की शतकीय पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करते हुए यूपी टिंबर की टीम 36 .1 ओवर में 222 रन पर सिमट गई। ट्रंफ की ओर से आदित्य सिंह ने चार और अतुल मिश्रा ने तीन विकेट लेकर जीत में अहम योगदान दिया।

# रस्साकशी में लखनऊ मंडल ने जीता स्वर्ण पदक

## केडी सिंह बाबू स्टेडियम में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता शुरू, टीटीओटी लखनऊ की टीम ने किया कांस्य पदक पर कब्जा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** तकनीकी प्रशिक्षण ले रहे युवाओं की राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में पहले दिन लखनऊ मंडल की टीम ने स्वर्णिम शुरुआत की। मंडल की टीम ने रस्साकशी स्पर्धा के स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। बस्ती को रजत और टीटीओटी लखनऊ को कांस्य पदक मिला। 100 मीटर दौड़ में भी आईटीओटी लखनऊ की नीलम ने कांस्य पदक जीता।

ने केडी सिंह बाबू स्टेडियम व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग की ओर तीन दिवसीय प्रतियोगिता कराई जा रही है। शुक्रवार को प्रतियोगिता का उद्घाटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने किया। इसके बाद स्पर्धाएं शुरू हो गईं। महिला वर्ग की 100 मीटर दौड़ में अयोध्या की गुलिस्ता ने स्वर्ण पदक जीता। देवीपाटन की शालिनी ने रजत और आईटीओटी लखनऊ की नीलम ने कांस्य पर कब्जा किया। शॉटपुट का स्वर्ण बस्ती की संजू पटेल की झोली में गया, जबकि रजत पर गोरखपुर की नेहा गुप्ता और कांस्य पर वाराणसी की अनिता पटेल ने कब्जा किया। बैडमिंटन में गोरखपुर की सोनम चौरसिया ने स्वर्ण और प्रयागराज की योगिता सोनी ने रजत जीता। कबड्डी के स्वर्ण पदक पर कानपुर ने कब्जा किया। रजत पदक मिर्जापुर, और सहारनपुर मंडल के कांस्य के खाते में गया।



रस्साकशी प्रतियोगिता में भाग लेती बालिकाएं। अमृत विचार

प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने बताया कि विभाग के इतिहास में पहली बार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता कराई जा रही है। इसमें जनपद और मंडल स्तर पर चयनित 271 महिला और 308 पुरुषों समेत 579 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। प्रशिक्षण निदेशक अभिषेक सिंह ने बताया कि 22 फरवरी तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में दौड़, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो सहित 13 स्पर्धाएं कराई जाएंगी। पहले दिन महिला खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन ने प्रतियोगिता को रोमांचक बना दिया। आगामी दिनों में अन्य स्पर्धाओं में भी कड़े मुकाबले की उम्मीद जताई जा रही है।

# गुर्दे की पथरी के बढ़ रहे मामले : डॉ. अपुल गोयल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गुर्दे की पथरी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं और करीब 10 प्रतिशत लोगों को जीवनकाल में कभी न कभी इस समस्या का सामना करना पड़ता है। यह जानकारी किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में यूरोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. अपुल गोयल ने दी।

डॉ. गोयल शुक्रवार को केजीएमयू के जनरल सर्जरी विभाग के 114वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि गुर्दे की पथरी 30 से 40 वर्ष आयु वर्ग में अधिक पाई जाती है। इसका प्रमुख लक्षण अचानक और तीव्र दर्द है, जो कमर या पेट के निचले हिस्से में महसूस होता है। समय पर उपचार न मिलने पर यह गुर्दों को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है। दोनों गुर्दों में पथरी होने की स्थिति में इलाज में देरी खतरनाक हो सकती है।

### बरतें ये सावधानियां

- नमक का सेवन कम करें
- वजन नियंत्रित रखें
- मांस और मछली का सीमित सेवन करें
- संतरा, मौसमी और नीबू जैसे खट्टे फलों का नियमित सेवन करें

सेमिनार में वक्ता डॉ. अंशुमान ने कहा कि एक बार इलाज के बाद भी लगभग 50 प्रतिशत मरीजों में दोबारा पथरी बनने की आशंका रहती है। इसलिए उपचार के बाद भी सावधानी जरूरी है। खानपान और जीवनशैली में सुधार कर जोखिम कम किया जा सकता है। उन्होंने पर्याप्त पानी पीने और नियमित स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी।

# डाक्टरों ने नाक का जटिल ऑपरेशन कर युवती को दी नई जिंदगी

- नाक की गंभीर फ्रैक्चर से जूझ रही युवती को मिली राहत
- ऑगमेंटेशन राइनोप्लास्टी से लौटी सामान्य सांस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय के डॉक्टरों ने जटिल ऑपरेशन कर नाक की गंभीर समस्या से पीड़ित 22 वर्षीय युवती को नई जिंदगी देने में सफलता हासिल की है। नाक की ऊपरी हड्डी (नैसल बोन) में पुराने फ्रैक्चर के कारण वह लंबे समय से सांस लेने में दिक्कत झेल रही थीं। सफल सर्जरी के बाद अब मरीज सामान्य रूप से सांस ले पा रही है।

लखनऊ निवासी नेहा (22) करीब 11 माह पहले सड़क हादसे में घायल हुई थीं। हादसे में उनकी नाक की हड्डी में फ्रैक्चर हो गया था, लेकिन उस समय समुचित इलाज नहीं हो सका। बाद में उन्होंने किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के प्लास्टिक सर्जरी विभाग में परामर्श लिया, जहां उन्हें ऑगमेंटेशन राइनोप्लास्टी की



सलाह दी गई। पिछले नौ माह से वह फॉलोअप पर थीं, लेकिन ऑपरेशन न होने से समस्या बढ़ती गई।

**बढ़ती सांस की तकलीफ बनी चिंता का कारण**

नाक की हड्डी के टेढ़ेपन और अंदरूनी अवरोध के कारण सांस लेने में गंभीर दिक्कत हो रही थी। समस्या बढ़ने पर परिजन उन्हें ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय लेकर पहुंचे। यहां ईएनटी विभाग की डॉ. अनित्य श्रीवास्तव ने जांच के बाद पैथोलॉजी और रेडियोलॉजी परीक्षण कराए और ऑगमेंटेशन राइनोप्लास्टी का निर्णय लिया।

### ऑपरेशन टीम

- ईएनटी सर्जन : डॉ. अनित्य श्रीवास्तव
- एनेस्थीसिया विशेषज्ञ : डॉ. शाहिद अंसारी
- स्टाफ नर्स : कीर्ति उपाध्याय, नीतू पांडे।

**कान से लिया गया कार्टिलेज ग्राफ्ट**

सर्जरी के दौरान मरीज के कान (पिन्ना) से कार्टिलेज ग्राफ्ट लेकर नाक की संरचना को पुनर्स्थापित किया गया। 18 फरवरी को ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति स्थिर है। अस्पताल के सीएमएस डॉ. एसपी सिंह ने पूरी टीम को बधाई दी।

# जोखिम में जान डाल काम कर रहे विद्युत कर्मी

- नहीं हैं सुरक्षा उपकरण, तीन माह में आधा दर्जन संविदाकर्मी हुए घायल
- उपकेंद्रों पर ग्लव्स-हेलमेट तक नहीं, विभाग ने जांच और कार्रवाई का दिया आश्वासन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी में निर्बाध बिजली आपूर्ति की जिम्मेदारी संभाल रहे अधिकांश बिजली कर्मचारी जान जोखिम में डालकर काम करने को मजबूर हैं। लाइनों की मरम्मत से लेकर ट्रांसफार्मरों और 11 केवी फीडरों की दुरुस्ती तक कई स्थानों पर कर्मचारी बिना आवश्यक सुरक्षा उपकरणों के कार्य कर रहे हैं। विभागीय स्तर पर सुरक्षा किट की कमी के कारण हादसों की घटनाएं बढ़ रही हैं। जानकारी के अनुसार पिछले तीन महीनों में संसाधनों के अभाव में कार्य कर रहे आधा दर्जन कर्मियों की जान जा चुकी है, जिनमें अधिकांश संविदाकर्मी बताए जा रहे हैं।

### सुरक्षा उपकरणों के अभाव में हुईं दुर्घटनाएं

**केस नंबर-1**

नाम : संदीप

स्थान : विद्युत उपकेंद्र अपट्रान

दुर्घटना तिथि : 17 फरवरी–26

वर्तमान में सिप्स हॉस्पिटल में भर्ती, उपचार जारी।

**केस नंबर-2**

नाम : करन

स्थान : विद्युत उपकेंद्र सेक्टर–6, जानकीपुरम

दुर्घटना तिथि : 15 फरवरी–26

ट्रॉमा सेंटर, लखनऊ में भर्ती। परिजनों के अनुसार स्वयं के खर्च पर इलाज कराया जा रहा है। विभाग या संबंधित कंपनी की ओर से समुचित व्यवस्था नहीं की गई।

**केस नंबर-3**

नाम : मंगेश कुमार

स्थान : विद्युत उपकेंद्र पूरनपुर, लखनऊ

दुर्घटना तिथि : 17 दिसंबर–25

**केस नंबर-4**

नाम : अंबिका प्रसाद

स्थान : विद्युत उपकेंद्र पूरनपुर

दुर्घटना तिथि : 15 अप्रैल–24



प्रत्येक कर्मचारी को सुरक्षा किट उपलब्ध कराई गई है और किट पहनकर ही कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। यदि किसी उपकेंद्र पर उपकरण मौजूद नहीं हैं तो संबंधित अधिकारी से स्पष्टीकरण लेकर कार्रवाई की जाएगी। घायल कर्मचारियों के इलाज की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

–वीपी सिंह, मुख्य अभियंता जानकीपुरम जोन

शहर के कई उपकेंद्रों पर ग्लव्स, हेलमेट, सेफ्टी बेल्ट और मजबूत रस्सियों जैसी बुनियादी सुरक्षा सामग्री तक उपलब्ध नहीं है। इसके बावजूद कर्मचारियों से सीढ़ियों के सहारे पोल पर चढ़कर लाइनों की मरम्मत, एबीसी लाइन सुधार और ट्रांसफार्मर संबंधी कार्य कराए जा रहे हैं। कई जगह कर्मचारी पेड़ों के सहारे सीढ़ी टिकाकर ऊंचाई पर काम करते देखे गए। कर्मचारियों का कहना है कि काम करना मजबूरी है, चाहे सुरक्षा उपकरण मिलें या नहीं। आरोप है कि दुर्घटना होने पर जिम्मेदारी कर्मचारियों पर ही डाल दी जाती है।

यह तो मात्र उदाहरण हैं। राजधानी और ग्रामीण क्षेत्रों को मिलाकर पिछले एक वर्ष में उपकरणों के अभाव में एक दर्जन से अधिक दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। कई संविदाकर्मी इलाज और जीवनयापन के लिए आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।

# हिमालय की चिंता, पूरे देश की चिंता : प्रो. शेखर पाठक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कैसरबाग स्थित बलराज साहनी प्रेक्षागृह में आयोजित व्याख्यान में प्रख्यात पर्यावरणविद्, हिमालय विशेषज्ञ एवं इतिहासकार प्रो. शेखर पाठक ने कहा कि हिमालय की चिंता पूरे देश की चिंता है। उन्होंने अपने वक्तव्य में स्पष्ट किया कि पर्यावरण और अर्थव्यवस्था एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं और इन्हें अलग-अलग करके नहीं देखा जा सकता। कहा कि केवल भागीदारीपूर्ण आंदोलनों के माध्यम से ही स्थायी और सार्थक परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने स्थानीय संसाधनों के संरक्षण एवं प्रबंधन में स्थानीय समुदायों की भूमिका को निर्णायक बताते हुए कहा कि जनसहभागिता के बिना पर्यावरण संरक्षण संभव नहीं है।

उन्होंने चिपको आंदोलन के इतिहास पर अपने शोध कार्य का उल्लेख करते हुए कहा कि यह आंदोलन पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हुआ और इसने सामुदायिक शक्ति का प्रभावी उदाहरण प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. रमेश दीक्षित ने की, संचालन वरिष्ठ पत्रकार नवीन जोशी ने किया। इस मौके पर शहज़ाद रिजवी, प्रो. रूप रेखा वर्मा, प्रो. नदीम हसनैन, वंदना मिश्र, नागेंद्र प्रताप, प्रो. रीता चौधरी, अनूप मणि त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि के यशवंत वीरोदय को मिला सम्मान

**अमृतविचार, लखनऊ :** डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के प्रवक्ता वी हिंदी विभाग के प्रोफेसर यशवंत विरोधी को हिंदी साहित्य के युवा समालोचक एवं कवि को 'पार्वती मल्ल साहित्य श्री सम्मान' हेतु चयनित किया है। संस्थान की ओर से जारी सूचना के अनुसार सम्मान समारोह 22 फरवरी 2026 को अपराह्न 3 :30 बजे के निराला सभागार, हजरतगंज में आयोजित होगा। प्रो. वीरोदय हिंदी आलोचना के प्रतिष्ठित युवा हस्ताक्षर माने जाते हैं। उन्होंने से उच्च शिक्षा प्राप्त की। उनकी प्रमुख कृतियों में 'हिंदी साहित्य की मुख्य धारा', 'दलित शिखरों का साक्षात्कार', 'दलित साहित्य का सामाजिक सांस्कृतिक आधार', 'सत्ता विमर्श एवं अस्मिता विमर्श' तथा 'साहित्य का समाजशास्त्र' शामिल हैं। उनकी पुस्तक 'दलित शिखरों का साक्षात्कार' को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सराहना मिली और ने इसे 2013 की महत्वपूर्ण पुस्तकों में शामिल किया था। प्रो. वीरोदय ने यूरोप के कई देशों की यात्राओं के दौरान हिंदी साहित्य की वैशिक पहचान को सुदृढ़ किया। वर्तमान में वे में हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग के प्रोफेसर एवं अध्यक्ष हैं। सम्मान की घोषणा से साहित्यिक जगत में हर्ष व्याप्त है।



# गोल्फ लीग में अमेजिंग ओरिजिन्स और बीबीडी रेंजर्स की जीत

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ गोल्फ क्लब में चल रही लखनऊ गोल्फ लीग के पांचवें संस्करण के पांचवें दिन ग्रुप बी के राउंड-3 मुकाबलों में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। शुक्रवार को सभी टीमों ने अंक तालिका में बढ़त बनाने के लिए जोरदार प्रदर्शन किया।

पहले मुकाबले में अमेजिंग ओरिजिन्स ने पीआर हुंडई जेओ रॉयल्स को 4-1 से हराया। सटीक शॉट्स और बेहतर तालमेल के दम पर टीम ने शुरुआत से बढ़त बनाए रखी। दूसरे मुकाबले में बीबीडी रेंजर्स ने पार सीकर्स को 3-2 से पराजित किया। दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर रही, लेकिन रेंजर्स ने संयमित खेल दिखाकर जीत दर्ज की। दिन का अंतिम मुकाबला स्टिंगर्स और अवध ईगल्स के बीच 2.5-2.5 से ड्रॉ रहा, जिससे अंक तालिका की स्थिति और रोचक हो गई है।

अवध ईगल्स – 9.5 अंक (शीर्ष स्थान) स्टिंगर्स – 8.5 अंक (संयुक्त द्वितीय) स्थान पर हैं।

## सिटी डायरी

### साई के डिप्टी डायरेक्टर ने किया इंडियन पैरा जूडो एकेडमी का दौरा



पैरा जूडो एकेडमी का जायजा लेने पहुंचे साई के डिप्टी डायरेक्टर।

**अमृत विचार , लखनऊ :** भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) के डिप्टी डायरेक्टर अरुण लाल ने शुक्रवार को हजरतगंज स्थित हलवासिया कोर्ट में इंडियन पैरा जूडो एकेडमी का दौरा किया। उन्होंने पैरा खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। दौरे के दौरान अरुण लाल ने पैरा एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता और पेरिस पैरालंपिक में पांचवां स्थान प्राप्त करने वाली दृष्टिबाधित खिलाड़ी कोकिला से बातचीत की। साथ ही डेफलंपिक प्रतिभागी प्रगति केसरवानी से मिलकर उनके प्रदर्शन की सराहना की। इस अवसर पर इंडियन ब्लाइंड एंड पैरा जूडो एसोसिएशन के संस्थापक अध्यक्ष अवनीश कुमार अवस्थी के साथ बैठक हुई, जिसमें अकादमी के विकास, प्रशिक्षण सुविधाओं के विस्तार और खिलाड़ियों को बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने पर चर्चा की गई।



फुटबॉल प्रशिक्षकों ने आयोजकों के साथ किया मीट का उद्घाटन।

### शौर्य स्पोर्ट्स मीट का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** ब्राजील के पूर्व फुटबॉल कोचों से मिलने और उनसे खेल की बारीकियां सीखने को खिलाड़ी उत्साहित नजर आए। कोई उनसे खेल के टिप्स ले रहा था तो कोई उनके साथ तस्वीर लेकर इन खास पलों को यादगार बना रहा था। अवसर था बख्शी का तालाब (बीकेटी) स्थित एसआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में शुक्रवार से शुरू हुए दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव शौर्य स्पोर्ट्स मीट का। खेल महोत्सव का उद्घाटन संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष एवं एमएलसी पवन सिंह चौहान ने किया। इस अवसर पर ब्राजील के पूर्व फुटबॉल कोच फर्नांडो और विलियम्स की मौजूदगी ने खिलाड़ियों में जोश भर दिया। दोनों प्रशिक्षकों ने खिलाड़ियों के साथ मैदान पर फुटबॉल खेलते हुए उन्हें तकनीक, फिटनेस और टीम भावना के गुर सिखाए।



प्रदर्शनी में वस्त्रों को देखते विभागीय मंत्री राकेश सचान।

### खादी उद्यमियों को सशक्त बनाना सरकार की प्राथमिकता है : सचान

**अमृत विचार, लखनऊ :** होली के अवसर पर उप्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा 20 से 26 फरवरी 2026 तक 7 दिवसीय लघु खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। डालीबाग स्थित खादी भवन परिसर में प्रदर्शनी का उद्घाटन विभागीय मंत्री राकेश सचान ने फीता काटकर किया। उन्होंने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रदर्शनी का अवलोकन किया। खादी मंत्री ने शुक्रवार को उद्घाटन करने के बाद कहा कि खादी को जन–जन तक पहुंचाना और स्थानीय उद्यमियों को सशक्त बनाना सरकार की प्राथमिकता है।



नवजात शिशु के साथ महिला कल्याण संगठन के सदस्य।

### शिशुओं को दी बेबी किट

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल में 'नवजात शिशु देखभाल सप्ताह' के अंतर्गत शुक्रवार को मंडल चिकित्सालय बादशाहनगर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूर्वोत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रुति गुप्ता ने नवजात शिशुओं को वाटरप्रूफ शीट, बेबी किट व डायपर वितरित किए। परिजनों को शिशुओं की देखभाल, स्वच्छता और पोषण संबंधी जानकारी देकर जागरूक किया गया।

**आयोजन** डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में सर्जिकल इनोवेशन पर मंथन

# जीनोमिक टेस्टिंग से ब्रेस्ट कैंसर का इलाज अधिक सुरक्षित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। जागरूकता बढ़ने के बावजूद अधिकांश महिलाएं अभी भी बीमारी के अंतिम चरण में अस्पताल पहुंच रही हैं। ऐसे में आधुनिक तकनीकों ने इलाज को अधिक सटीक, सुरक्षित और व्यक्तिगत बनाने की दिशा में नई राह खोली है।

यह जानकारी डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में एंडोक्राइन सर्जरी विभाग द्वारा आयोजित 'बीईएसटेक-2026' भारत की पहली सर्जिकल इनोवेशन वर्कशॉप एवं सिम्पोजियम में विशेषज्ञों ने साझा की।

### स्कॉरलेस ट्रीटमेंट: बिना चीरे के इलाज संभव



एंडोक्राइन सर्जन डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने बताया कि सर्जरी के बाद त्वचा पर निशान रह जाना आम है, लेकिन अब कई नॉन–सर्जिकल तकनीकें उपलब्ध हैं, जिनसे बिना चीरे के उपचार संभव हो रहा है। माइक्रोवेव एबलेशन तकनीक के जरिए बिना किसी चीरे या टांके के सुई के माध्यम से ब्रेस्ट की साधारण गिल्टी को नष्ट किया जा सकता है। यह प्रक्रिया कैंसरयुक्त गांठों पर लागू नहीं होती, बल्कि साधारण (बेनाइन) गिल्टी के लिए प्रभावी है। तीन से छह माह में लगभग 90 प्रतिशत तक गिल्टी कम या समाप्त हो सकती है। चूंकि इसमें पारंपरिक सर्जरी की आवश्यकता नहीं होती, इसलिए इसे 'स्कॉरलेस ट्रीटमेंट' कहा जाता है।

**नेक्स्ट जेन डीएनए टेस्ट से तय हो रही इलाज की दिशा:** एंडोक्राइन सर्जन डॉ. रेखा पाई ने बताया कि कैंसर उपचार में नेक्स्ट जेन डीएनए टेस्ट (एनजीएस) बेहद उपयोगी साबित हो रहा है। इस जांच के जरिए ट्यूमर में मौजूद विशेष म्यूटेशन की पहचान की जाती है, जिससे यह समझा जा सके कि कैंसर किस जीन में बदलाव के कारण हुआ है।

उन्होंने बताया कि हर व्यक्ति के शरीर में डीएनए और विभिन्न जीन होते हैं। कुछ जीन में म्यूटेशन होने पर कैंसर विकसित होता है। अब ऐसी उन्नत दवाएं उपलब्ध हैं, जो विशेष रूप से प्रभावित जीन को टारगेट करती हैं। इससे ब्रेस्ट और थायराइड कैंसर के मरीजों में यह तय करना आसान हो जाता है कि सर्जरी, दवा या कीमोथेरेपी में से कौन-सा उपचार उपयुक्त रहेगा। यह जांच मेडिकल जेनेटिक्स विशेषज्ञों द्वारा की जाती है, जिससे इलाज अधिक सटीक और प्रभावी बनता है।